# राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना–800006

## राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा (NMMSS)

### Academic Year 2025-26 (Project Year 2026-27)

### (कक्षा VIII में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए)

## प्रेस विज्ञप्ति

शैक्षिक सत्र 2025–26 में राज्य सरकार के विद्यालयों में कक्षा VIII में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं से राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा (NMMSS) Academic Year 2025-26 (Project Year 2026-27) के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
परीक्षा के आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी निम्नवत् हैः–

राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना – शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए "राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना" (National Means - cum - Merit Scholarship Scheme) प्रारंभ की गई है। इस योजना के अन्तर्गत सफल छात्र–छात्राओं को राज्य के राजकीय/राजकीयकृत/राज्य सरकार/भारत सरकार के अनुदान से संचालित विद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुदानित अल्पसंख्यक विद्यालयों/मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों में नामांकित एवं विधिवत् रूप से अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को कक्षा IX से कक्षा XII तक की पढ़ाई के लिए शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रतिवर्ष 12000/– रूपये छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

**राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा आवेदन हेतु अर्हता निम्नवत् हैः–**

1. आवेदक शैक्षिक सत्र 2025–26 में राज्य के राजकीय/राजकीयकृत/राज्य सरकार/भारत सरकार के अनुदान से संचालित विद्यालय (जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय एवं केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय एवं सभी प्राइवेट विद्यालयों को छोड़कर)/मान्यता प्राप्त अनुदानित अल्पसंख्यक विद्यालयों/मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों के कक्षा VIII के छात्र/छात्रा आवेदन कर सकते है", जो छात्र/छात्रा 55 प्रतिशत (पचपन प्रतिशत) अंकों के साथ कक्षा VII की परीक्षा उत्तीर्ण हों तथा ऊपर अंकित कोटि के विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025–26 में कक्षा VIII में नामांकित होकर विधिवत् रूप से अध्ययनरत् हैं।
   अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं निःशक्त छात्र/छात्राओं के लिए उत्तीर्णांक में 5% की छूट होगी।
2. जो छात्र/छात्रा सत्र 2025–26 में कक्षा VII से 55% (SC एवं ST कोटि के छात्र–छात्राओं को 5% की छूट होगी) या उससे अधिक अंकों से उत्तीर्ण होकर कक्षा VIII में अध्ययनरत् हैं, तथा जिनके माता पिता की सभी स्रोतों से कुल वार्षिक आय रू० 3.5 लाख (तीन लाख पचास हजार रुपये) से अधिक नहीं है आवेदन पत्र के साथ आय प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे, वे सभी छात्र/छात्रा राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना (NMMSS) Academic Year 2025-26 (Project Year 2026-27) के पात्र होंगे।
3. अंतिम रूप से चयनित छात्र/छात्राओं को कक्षा VIII की परीक्षा न्यूनतम 55% अंकों के साथ उत्तीर्ण करना होगा। SC एवं ST कोटि के छात्र/छात्राओं के लिए 5% की छूट होगी।
4. परीक्षा शुल्क :– इस परीक्षा हेतु कोई शुल्क देय नहीं है।
5. घोषणा :–मैं एतद द्वारा घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि उपर्युक्त सभी तथ्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है तथा पढ़कर समझ लिया है। मुझे उपर्युक्त पर कोई आपत्ति नहीं है।
6. परीक्षा केन्द्र : – परीक्षार्थियों की संख्या के अनुरूप परीक्षा केन्द्र सभी जिला मुख्यालयों में निर्धारित किया जाएगा।
7. चयन प्रक्रिया :– इस योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु अर्हत प्राप्त छात्र/छात्राओं का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा।
8. छात्रवृत्ति की संख्या :– सम्पूर्ण भारत वर्ष में 1 (एक) लाख छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति दिए जाने का प्रावधान है। इस योजना के तहत प्रत्येक राज्य का कोटा निर्धारित है। कोटा के अनुसार बिहार राज्य का अंश 5433 है। राज्य के आवंटित कोटा से प्रत्येक जिला का भी कोटा निर्धारित है।
9. आरक्षण :– इस छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत राज्य सरकार के आरक्षण नियमावली के अनुसार कोटिवार आरक्षण लागू होगा।
10. जाति–प्रमाण–पत्र :– आरक्षित श्रेणी के आवेदकों को सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी) द्वारा निर्गत जाति–प्रमाण–पत्र Upload करना अनिवार्य होगा। जाति प्रमाण–पत्र Upload नहीं करने की स्थिति में सामान्य श्रेणी का विकल्प चयन किया जायगा। बाद में आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।
11. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदकों को आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए सक्षम प्राधिकार (अंचलाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी) द्वारा निर्गत आय–प्रमाण–पत्र [(माता–पिता की सभी स्रोतों से कुल वार्षिक आय 3.5 लाख (तीन लाख पचास हजार रुपये) तक अनुमान्य] Upload करना अनिवार्य होगा।
12. निःशक्तता प्रमाण–पत्र :– निःशक्त आवेदकों के लिए निःशक्तता से संबंधित (Civil Surgeon) /सक्षम प्राधिकार के द्वारा निर्गत (न्यूनतम 40% निःशक्तता का प्रतिशत) निःशक्तता प्रमाण–पत्र Upload करना अनिवार्य होगा।

**परीक्षा का स्वरूप निम्नवत् हैः–**

| विषय | प्रश्नों की संख्या | पूर्णांक | परीक्षा की अवधि | | न्यूनतम अर्हत्तांक (MAT एवं SAT को जोड़कर) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य के लिए | निःशक्त (केवल नेत्रहीन) के लिए | सामान्य के लिए | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/निःशक्त के लिए |
| मानसिक योग्यता परीक्षा (MAT) | 90 | 90 | 90 मिनट | 120 मिनट | 40% | 32% |
| शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) | 90 | 90 | 90 मिनट | 120 मिनट | | |

राज्य के जिलावार कोटा के अनुरूप न्यूनतम अर्हत्तांक (MAT एवं SAT को जोड़कर) या उससे अधिक प्राप्तांक वाले सभी छात्र/छात्राओं के मेधाक्रम के आधार पर चयन किये जाने वाले छात्र/छात्रा का जिलावार/कोटिवार Cut off निर्धारित कर उच्चत्तर मेधाक्रम वाले छात्र/छात्राओं का छात्रवृत्ति/नामांकन हेतु चयन किया जायेगा।

परीक्षा का पाठ्यक्रम :– परीक्षा का कोई निर्धारित पाठ्यक्रम नहीं है। इस परीक्षा का उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों का पता लगाना है। इस परीक्षा में प्रश्न राज्य सरकार के विद्यालयों में वर्ग VIII में पढ़ाए जाने वाले विषयों / पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे।
मानसिक योग्यता परीक्षा के अन्तर्गत तर्क, विश्लेषण, संश्लेषण से संबंधित शाब्दिक, अशाब्दिक प्रश्न एवं शैक्षिक योग्यता परीक्षा के अंतर्गत विज्ञान (भौतिकी, रसायन, जीव–विज्ञान), सामाजिक विज्ञान (इतिहास, नागरिकशास्त्र एवं भूगोल) एवं गणित विषय से प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न 1 (एक) अंक का होगा। सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ और बहुविकल्पीय प्रणाली के अंतर्गत 4 (चार) विकल्प वाले होंगे। प्रश्न–पत्र हिन्दी/ अंग्रेजी दोनों भाषाओं में रहेगा। किसी प्रश्न विशेष पर दोनों भाषाओं में विवाद के स्थिति में अंग्रेजी भाषा का प्रश्न ही मान्य होगा। परीक्षार्थियों को अपना उत्तर OMR उत्तर–पत्रक पर देना है। परीक्षा दो पाली में आयोजित होगी, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| विषय | परीक्षा का समय |
|---|---|
| मानसिक योग्यता परीक्षा (MAT) | प्रथम पालीः प्रातः 10:30 से 12:00 बजे अपराहन तक एवं निःशक्त जनों के लिए 30 मिनट अतिरिक्त (केवल दृष्टि बाधित एवं लिखने में असमर्थ के लिए) |
| शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) | द्वितीय पाली अपराहन 1:00 बजे से 2:30 बजे अपराहन तक एवं निःशक्त जनों के लिए30 मिनट अतिरिक्त (केवल दृष्टि बाधित एवं लिखने में असमर्थ के लिए) |

दृष्टिबाधित/लिखने में असमर्थ परीक्षार्थी के लिए परीक्षा के पूर्व संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी, नियमानुसार Writer की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।
आवेदन कैसे करें :– SCERT, Patna, Bihar के वेबसाईट https://scert.bihar.gov.in पर Visit कर Online Application Portal for (NMMSS) National Means Cum Merit Scholarship Scheme Examination पर क्लिक कर NMMSS Academic Year-2025-26 (Project Year-2026-27) के लिए Online Registration एवं Application Submission किया जाना है।
पोर्टल पर सभी विद्यालयों की सूची एंव सभी विद्यार्थियों का यूनिक ID उपलब्ध है। विद्यार्थी अपना यूनिक पहचान संख्या (Unique ID) डाल कर आवेदन कर सकेंगे। जिस विद्यार्थी का यूनिक पहचान संख्या (Unique ID) नहीं है वे अपना आधार नं० डालकर भी आवेदन कर सकते है। संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधान शिक्षक द्वारा भरे हुए आवेदन पत्रों का सत्यापन किया जाएगा। सभी विद्यालय का User Id विद्यालय का Udise code है। संबंधित विद्यालय प्रधान अपना Password Create करेंगे।

| | |
|---|---|
| 1. आवेदकों द्वारा Online Application Portal पर Registration , Online Application Submission | 26–01–2026 से 15-02-2026 तक |
| 2. आवेदकों द्वारा Submit किये गये Online Application का विद्यालय स्तर पर Online Approval | 26–01–2026 से 16-02-2026 तक |
| 3. Online प्रवेश पत्र प्राप्त करना | 05-03-2026 से 08-03-2026 तक |
| 4. परीक्षा तिथि | 08-03-2026 |
| 5. परीक्षा की औपबन्धिक उत्तर कुंजी (Provisional Answer Key) Portal पर Upload करने की तिथि | 09-03-2026 |
| 6. परीक्षा में पूछे गये प्रश्नों एवं औपबन्धिक उत्तर कुंजी (Provisional Answer Key) पर परीक्षार्थियों द्वारा आपत्तियों की प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि (अंतिम तिथि के उपरान्त अथवा बिना वैध साक्ष्य के प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।) | 13-03-2026 |

राजकीय/राजकीयकृत/राज्य सरकार/भारत सरकार के अनुदान से संचालित विद्यालय/मान्यता प्राप्त अनुदानित अल्पसंख्यक विद्यालय/मदरसा एवं संस्कृत विद्यालय, SCERT, Patna, Bihar के वेबसाईट https://scert.bihar.gov.in पर Visit कर Online Application Portal for (NMMSS) National Means Cum Merit Scholarship Scheme Examination पर क्लिक कर Online Registration एवं Application Submission निर्धारित समय सीमा के अन्दर करना सुनिश्चित करेंगे। किसी प्रकार की असुविधा की स्थिति में परिषद् के email Id: ntsenmmssexam.scertbihar@gmail.com एवं Portal पर अंकित Help Desk No. अथवा परिषद् कार्यालय के परीक्षा विभाग से संबंधित मोबाईल नं० 9473035530, 9430283921, 6299954889 पर संपर्क किया जा सकता है।

(सुषमा कुमारी)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार, पटना

PR- 022600 (Education) 2025-26

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**